हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर 2025

04 नपा ने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया...



07 ट्रामा सेंटर में लटके हैं एक्सपायरी डेट के...





खबर संक्षेप

### ग्राम स्वास्थ्य व पोषण दिवस पर 566 बच्चों का टीकाकरण किया गया



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 19 दिसंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 396 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 170 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 64 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### संरक्षित पानी की चोरी रोकने सभी प्रमुख जलाशयों पर की जा रही निगरानी

# कार्रवाई: भगवानपुरा तालाब से पानी की चोरी में चार मोटरें जब्त

**पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर सख्त, बोले- जलाशयों से पानी चोरी करने वालों पर होगी एफआईआर, निगरानी के लिए विशेष टीमें गठित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में कम वर्षा के कारण आगामी ग्रीष्म ऋतु में होने वाले संभावित जल संकट को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। कलेक्टर के सख्त निर्देश पर शुक्रवार को राजस्व और संसाधन विभाग की टीम ने भगवानपुरा तालाब पर अचानक छापेमारी की। इस दौरान तालाब से अवैध रूप से पानी निकाल रही चार मोटरों को जब्त किया गया है। बीते दिनों आयोजित बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीहोर नगर और आसपास के अधिकांश जलाशय केवल पेयजल आपूर्ति के लिए आरक्षित हैं। इन जलस्त्रोतों से सिंचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित है। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य इन जलाशयों के जल स्तर को सुरक्षित और संरक्षित रखना है ताकि शहरवासियों को गर्मी के दिनों में पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े।

**कम बारिश ने बढ़ाई चिंता :** बता दें इस वर्ष औसत से कम बारिश होने के कारण जिले के जलाशयों में जलभराव की स्थिति चुनौतीपूर्ण है। कलेक्टर ने इसी को देखते हुए पेयजल संरक्षण को प्राथमिकता पर रखा है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा है कि पानी चोरी रोकने के लिए किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### निगरानी के लिए टीम गठित

प्रशासन ने न केवल छापेमारी की है, बल्कि अब जिले के सभी प्रमुख जलाशयों पर लगातार निगरानी शुरू कर दी है। कलेक्टर के आदेश पर गठित विशेष टीमें समय-समय पर जलस्त्रोतों का निरीक्षण कर रही हैं। इससे पहले भी जिले के अन्य तालाबों से पानी चोरी में प्रयुक्त मोटरें जब्त की जा चुकी हैं।

#### कलेक्टर की चेतावनी

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिलेवासियों और विशेषकर किसानों से अपील की है कि वे पेयजल के लिए आरक्षित स्रोतों का अवैध उपयोग न करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर पानी चोरी करते पाया गया तो मोटर जब्ती के साथ-साथ संबंधित के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई और एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

## खेतों में बाघ की दहशत, रातभर जागते किसान, वन विभाग की चुप्पी पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**सीहोर।** जिले के चंदेरी गांव में बीती रात करीब 2 बजे खेत के पास स्थित नाले से बाघ की तेज दहाड़ सुनाई दी, जिससे आसपास के गांवों में भय का माहौल बन गया। किसानों का कहना है कि खेतों में बाघ के पंजों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले दो दिन पूर्व रामाखेड़ी गांव में भी बाघ के पंजे मिलने की सूचना किसानों ने वन विभाग को दी थी, लेकिन अब तक मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रात के समय बाघ की मौजूदगी के कारण किसान खेतों में पानी देने तक नहीं जा पा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि चंदेरी, रामाखेड़ी, उलझावन और रलावती जैसे गांवों में बाघ रातभर घूमता रहता है, जिससे किसानों और ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय का वातावरण बना हुआ है। किसान रातभर जागकर अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। इसके बावजूद वन विभाग के अधिकारी गांवों में गश्त करने या स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचे, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है।वन विभाग की उदासीनता से आहत होकर किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों किसान वन रेंज



बिलकिसगंज कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि वन विभाग अपने घरों में चैन की नींद सो रहा है, जबकि किसान भय और अनिश्चितता में रात गुजारने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में किसान राम सिंह मेवाड़ा, रामाखेड़ी के पर्वत सिंह मेवाड़ा, मोतीलाल चंदेरी के अनूप मेवाड़ा पर्वत मेवाड़ा गुलाब सिंह मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, वन मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की कि तत्काल क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए और बाघ को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूर होकर उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि भयमुक्त वातावरण बनाए बिना किसान खेती नहीं कर पाएंगे और आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा।

# ड्राइवर से कार, नकदी और मोबाइल लूटने वाले चार आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक मामूली लिफ्ट की मांग उस रात एक खौफनाक वारदात में बदल गई। भोपाल के जे.के. हॉस्पिटल के सामने खड़े ड्राइवर नितिन कुमार सनोडिया को क्या पता था कि जिन चार युवकों को वह सीहोर छोड़ने जा रहा है, वही उसकी जिंदगी की सबसे डरावनी रात बन जाएंगे। अभियोजन के अनुसार 23 सितंबर 2024 की शाम 7.30 बजे सीहोर के नितिन कुमार सनोडिया भोपाल के जे.के. हॉस्पिटल के सामने स्विफ्ट डिजायर कार लेकर खड़े थे। नितिन से चार युवकों ने सीहोर तक छोड़ने की बात कही। 2000 रुपये किराया तय हुआ और नितिन ने इंसानियत व भरोसे के नाते उन्हें गाड़ी में बैठा लिया। यही भरोसा आगे चलकर उसकी सबसे बड़ी भूल साबित हुआ। आरोपियों ने रास्ते में साक्षी ढाबे के सामने गाड़ी रुकवाई गई, जहां से शराब खरीदी। इसके बाद गाड़ी को नीलबढ़-रातीबढ़ रोड होते हुए सीहोर के बड़ियाखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया की ओर मोड़ दिया गया। रात का अंधेरा, सुनसान इलाका और शराब के नशे में डूबी आंखें सब कुछ पहले से तय साजिश का हिस्सा था। जैसे ही गाड़ी रोकी गई, एक आरोपी ने पीछे से ड्राइवर की गर्दन दबा दी। दो अन्य ने हाथ-पैर पकड़े और रस्सी से बांध दिया। डर और दहशत के बीच नितिन से जेब के 1000 रुपये, डैशबोर्ड में रखे 10 हजार रुपये और मोबाइल फोन छीन लिया गया। यही नहीं, फोन-पे का पासवर्ड पूछकर 13 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए गए।

#### कार लूटी, जंगल में छोड़ा

लूट की हद तब पार हो गई जब चारों आरोपी ड्राइवर की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर फरार हो गए। नितिन को कोलार डेम के आगे जंगल में बेबस हालत में छोड़ दिया गया। हाथ-पैर खोलकर किसी तरह सड़क तक पहुंचा और ट्रक से लिफ्ट लेकर डीमार्ट पहुंचा, जहां भाई को बुलाकर पूरी आपबीती सुनाई। थाना कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रकरण दर्ज किया, घटनास्थल का नक्शा बनाया और आरोपियों को गिरफ्तार किया। विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी आज़म मोहम्मद ने सशक्त पैरवी की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता ने साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए चारों आरोपियों मनीष मेवाडा पिता केदारसिंह मेवाडा उम्र 21 वर्ष निवासी अकोदिया शाजापुर, सोनू पिता भगवानसिंह उम्र 24 वर्ष, क्रिस मेवाडा पिता महेश मेवाडा उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम पासीसेर कालापीपल जिला शाजापुर तथा प्रदीप मेवाडा पिता नरेश मेवाडा उम्र 27 वर्ष निवासी रलावती बिलकिसगंज जिला सीहोर को दोषी ठहराया। न्यायालय ने बीएनएस की धाराओं के तहत 3-3 वर्ष व 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास तथा कुल 2400 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीजनल एनफ्लूऐन्जा की रोकथाम, बचाव और नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि मौसम में होने वाले बदलाव के कारण सर्दी-खाँसी (इन्फ्लूएंजा) के लक्षण दिखाई दे सकते हैं, इसलिए इस संक्रमण से बचाव के लिये व्यक्तिगत व्यवहार में परिवर्तन आवश्यक हैं।

## जेल प्रशासन को चिकित्सा, भोजन, पेयजल सहित सभी व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सीहोर जिला जेल पहुंचकर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए बंदियों को पर्याप्त संख्या में शाल एवं कंबल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि ठंड के मौसम में किसी भी बंदी को असुविधा न हो।

इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप मे असक्षम कैदियों को स्वेटर भी वितरित कराए। उन्होंने जेल की चिकित्सा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी श्री शुक्ला ने जेल में भोजन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ रसोई व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से संवाद किया और उन्हें सकारात्मक सोच के साथ जीवन में सुधार लाने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि जेल सुधार का केंद्र है और यहां से रिहा होने के बाद बंदी अपराध का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए एक नया और सम्मानजनक जीवन प्रारंभ करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी जानकारी ली कि कौन-कौन से बंदी किस अपराध में निरुद्ध हैं तथा उनके प्रकरणों की स्थिति क्या है।

जेल में अनुशासन बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नशामुक्ति एवं परामर्श कार्यक्रमों के संचालन, योग व शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कौशल विकास एवं साक्षरता गतिविधियों के माध्यम से बंदियों के पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल स्टाफ को मानवीय दृष्टिकोण के साथ कर्तव्यों के निर्वहन, नियमों के सख्त पालन और बंदियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रतिमा पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### पेयजल सप्लाई के पानी में गंदगी व बदबू से परेशानी

# पानी में कीड़े-पंख निकले, दो दिन में हो रही सप्लाई, फिर भी आ रहा गंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के नगरीय क्षेत्र में शुक्रवार सुबह पेयजल आपूर्ति के दौरान नलों से गंदा पानी आया। पानी में कीड़े और पंख साफ दिखाई दिए, जिससे निवासियों को पानी फेंकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आपूर्ति किया गया पानी मटमैला और हल्का हरा दिख रहा था, इसमें बदबू भी थी। निवासियों ने साफ पानी आने की उम्मीद जताई, लेकिन पूरी सप्लाई के दौरान गंदा पानी ही



आता रहा। जानकारी के अनुसार, नगरीय क्षेत्र में दो दिन के अंतराल पर ही पेयजल की आपूर्ति होती है। इसके बावजूद आज निवासियों को स्वच्छ पानी नहीं मिल सका।

कई रहवासी उपभोक्ताओं ने गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर शिकायतें दर्ज कराई हैं।

उनका कहना है कि दो दिन के अंतराल पर पानी मिलने के बावजूद उन्हें साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### जपाइगो की टीम ने किया जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

**सीहोर।** केट ग्रीनस्टॉक की अध्यक्षता में जपाइगो की टीम द्वारा सीहोर के लेबर कॉलोनी स्थित संजीवनी क्लिनिक एवं कोठरी स्थित मेटरनल हेल्थ सेंटर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं दी जा रही सेवाओं का मूल्यांकन किया और सेवाओं के सुदृणीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### संतोषसिंह, सैनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव व प्रवक्ता नियुक्त



**सीहोर।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर प्रभारी महासचिव डा.संजय कामले की सहमति से स्वतंत्रता संग्राम. सैनानी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी ने प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह को प्रदेश सचिव व प्रवक्ता नियुक्त किया है।जिले के कांग्रेस जन तथा सैनानी परिवार सदस्यों ने संतोषसिंह को बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया है। बधाई कर्ताओं में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदीप, रूक्मिणी रोहिला महेश चौरसिया, ओम वर्मा नईम नवाब,राजाराम बड़ेभाई,राजेंद्र वर्मा,धर्मेंद ठाकुर कुतुबउद्दीन शेख डा.अनीस खान पवन राठौर सुनीलदुबे,ओम प्रकाश बाबा जयंत शाह,घनश्याम यादव हरीश राठौर,प्रीतम चौरसिया,हरीशआर्य शैलेन्द्र पहलवान,विवेक राठौर नरेन्द्र खंगराले शंकर खरे ने बधाई देते हुए वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाण पत्र व ऑफर लेटर



**सीहोर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल कार्यक्रम के तहत सीहोर में संचालित हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रिकल एवं हेल्थकेयर कौशल्य विकास प्रशिक्षण केंद्र पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया और सेंटर का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में आईटीसी स्टेट टीम के मनीष बक्शी द्वारा आईटीसी द्वारा सीहोर जिले में संचालित बहुउद्देशीय सामाजिक कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान कुछ स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम में अपने कार्य अनुभव भी सांझा किए। इसमें ओपी कुशवाह, राजेश परमार सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

#### यात्रियों और व्यापारियों को भी खासी दिक्कतों से जूझना पड़ता था, वाहनों को निकलने में भी होती थी परेशानी

# नपं ने बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाया, बेतरतीब खड़े होने वाले हाथ ठेलों को किया गया व्यवस्थित

**नगर में स्थित बस स्टैंड लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था। बस स्टैंड के बीचोंबीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय के चारों ओर लोगों द्वारा तंबू लगाकर अस्थाई दुकानें संचालित की जा रही थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



**इछावर।** नगर परिषद टिम द्वारा लाइन खींची गई।



**इछावर।** नगर परिषद टिम द्वारा लगे अव्यवस्थित ठेले हटवाते हुए

नगर परिषद ने आखिरकार शुक्रवार को अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाकर बस स्टैंड से अतिक्रमण हटा दिया । परिसर में अस्थाई अतिक्रमण कर दुकानें और हाथ ठेले लगाने वालों से जुर्माना भी वसूला गया है । इस दौरान परिसर में बेतरतीब खड़े रहने वाले फास्ट फूड , सब्जी व फल विक्रेताओं के हाथ ठेले को व्यवस्थित किया , साथ ही पेंट से सीमा रेखा खींचकर दुकानदारों से इस सीमा में रहने की सख्त हिदायत दी गई । अतिक्रमण हटाने और ठेलो को व्यवस्थित करने से यात्रियों और दुकानदारों को परेशानी से राहत मिली है।

गौरतलब है कि नगर में स्थित बस स्टैंड लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में था। बस स्टैंड के बीचोंबीच स्थित यात्री प्रतीक्षालय के चारों ओर लोगों द्वारा तंबू लगाकर अस्थाई दुकानें संचालित की जा रही थी, इसके साथ ही संपूर्ण परिसर में फास्ट फूड , सब्जी व फलों के हाथ ठेले बेतरतीब तरीके से खड़े रहते थे। जिससे यात्री वाहनों के आवागमन में परेशानी होने के साथ ही यात्रियों और व्यापारियों को भी खासी दिक्कतों से जूझना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए नागरिकों द्वारा नपं से लगातार गुहार लगाई जा रही थी। वही हरीभूमि अखबार द्वारा भी प्रमुखता से कही बार उठाया था आखिरकार शुक्रवार को नगर परिषद का अमला बस स्टैंड पहुंचा और वहां से अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की । हाथ ठेलो को व्यवस्थित रूप से लगवाएं और सीमा रेखा खींचकर आगे भी इसी सीमा में ठेलों को एक लाइन में व निर्धारित स्थान पर लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि वे मार्ग में बाधा न बनें। इस संबंध में नपं के निर्माण शाखा प्रभारी राजेश बाहेती ने बताया कि ठेलों को एक लाइन में व निर्धारित स्थान पर लगाने के दुकानदारों को निर्देश दिए गए, ताकि वे मार्ग में बाधा न बनें। यह कार्रवाई यात्रियों की सुविधा, यातायात को सुगम बनाने और सार्वजनिक स्थान को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए की गई है।

**सीमा रेखा खींची** : इस दौरान मौके पर अतिक्रमण हटाने के बाद पालिका प्रशासन द्वारा बस स्टैंड परिसर में रंग से सीमा रेखा खींचकर दुकानदारों को इस सीमा में रहने की हिदायत दी गई है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जो ठेले भी सीमा रेखा से बाहर होंगे उसके संचालक के खिलाफ जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

**की जाएगी निगरानी**

नपं सीएमओ धरमराज यादव ने कहा कि बस स्टैंड की नियमित निगरानी अमले द्वारा की जाएगी , ताकि अतिक्रमण दोबारा न हो सके। कार्रवाई में प्रमुख रूप से। निर्माण शाखा प्रभारी राजेश बाहेती, अकांटेड संतोष कस्तवार, सहायक राजस्व निरक्षक त्रिलोक पवार, कमलेश वर्मा, आदि शामिल है।

---

## दलित पिछड़ा समाज संगठन के जिला अध्यक्ष बने विजय वर्मा



**रेहटी।** मध्य प्रदेश दलित पिछड़ा समाज संगठन ने प्रदेश में संगठनात्मक विस्तार की कड़ी में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीहोर जिले की कमान अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रखर अंबेडकरवादी विचारक विजय वर्मा को सौंपी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव द्वारा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमोल रावत, प्रदेश महासचिव अमित बांसोड़ एवं प्रदेश सचिव सुनील सेरिया की अनुशंसा पर विजय वर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस नियुक्ति की खबर से संगठन के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के समाजजनों में उत्साह और हर्ष का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ता राहुल धावरे ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विजय वर्मा बीते दो दशकों से अधिक समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े हुए हैं और बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत सक्रिय रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में दलित, पिछड़े, वंचित एवं शोषित समाज के हितों तथा उनके हक-अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है।

धावरे ने बताया कि विजय वर्मा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित बहुजन समाज के महापुरुषों की जयंती समारोह, संगोष्ठियाँ एवं विचार गोष्ठियों के आयोजन में उनकी सक्रिय सहभागिता रही है।

विजय वर्मा की नियुक्ति से दलित, पिछड़े और वंचित समाज को नया संबल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन का मानना है कि इससे समाज के हक-अधिकारों की लड़ाई और अधिक मजबूती से लड़ी जाएगी तथा उसका लाभ बहुजन समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने विजय वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। बधाई देने वालों में पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, अमित अर्जुन सिंह पटेल, विपत सिंह उईके कैलाश भिलाला, महेश हरियाले, जीवन सिंह धावरे, संग्राम सिंह चंद्रवंशी, मोनू भिलाला, शेख हनीफ कुरैशी, जज़ील खान, ब्रजेश बकोरिया, धर्म सिंह गोयल, गोविंद सिंह कुशवाह, राजेश धनवारे, पूर्व सरपंच अनिल पवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खुले में मांस,मछली बेचने वाले नियम के उल्लंघन को लेकर एसडीएम डीएस तोमर को ज्ञापन सोपा ज्ञापन में मांग की गई है कि रेलवे पुल के नीचे गुरुद्वारे के पास मांस मछली की दुकानो पर खुले में मांस बेचा जा रहा है जो कि नियमों का उल्लंघन है बस स्टैंड के पास भी खुले में मछली और मटन का बाजार लगाया जा रहा है इन पर कार्यवाही की जाए अन्यथा आंदोलन किया जाएगा इसी तरह क्रिसमस के अवसर पर स्कूलों में बच्चों को जबरदस्ती सांता क्लाज बनाया जाता है इस दिशा में भी निर्देश जारी किए जाएं इस अवसर पर मुख्य रूप से यशवंत साहू नगर अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, मुकेश अहिरवार,राम गोस्वामी, राजेश मांझी, कुबेर ठाकुर, अंकित तिवारी,अंकित साहू,सचिन मेहरा, राज कुमार लोचकर, मंगल केवट, गुड्डू प्रजापति, सोमा शंकर, जीतेन्द्र साहू, जीतेन्द्र ठाकुर संजय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## हम सब मिलकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और जनता की समस्या को पुरजोर तरीके से उठाएंगे : राजीव



**सीहोर।** जिला कांग्रेस कार्यलय न्यू बस स्टैंड सीहोर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में एवं महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा के विशेष अतिथि में सीहोर जिले के नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष जिसमे सीहोर -घनश्याम यादव आष्टा-धर्मेंद्र ठाकुर इछावर-बलवान पटेल बुधनी-सोनू राजपूत बिलकिसगंज-मनोज पटेल बिरजिसनगर-घनश्याम मीणा सोंडा-संतोष पटेल दोराहा-कलीम पठान श्यामपुर-रामनारायण शर्मा अहमदपुर देवीपुरा-पवन गुजर रेहटी-गुड्डू पटेल भेरुन्दा-सुनील गोलिया लाड़कुई-चन्दर मीणा गोपालपुरा- सुभाष पटेल शाहगंज-गिरदावर चौहान जावर-अरविंद ठाकुर आष्टा ग्रामीण- महेश मुंदीखेड़ी सिदिकगंज-राजाराम मालवीय का उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वगत किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव गुजराती ने कहा कि प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन पर एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतु पटवारी के अनुसंशा पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। जिसमें सीहोर जिले के सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाऐं और जो पद मुक्त हुए हैं, उनका भी कांग्रेस पार्टी को सहयोग करने के लिये धन्यवाद व्यक्त किया है। साथ ही आशा है कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप संबंधित पदाधिकारी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हम सब मिलकर जिले में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगें एवं जनता की समस्याओं को पुरजोर तरिके से उठायेगें। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेंद्र वर्मा,रमेश गुप्ता, ओम बाबा राठौर, अरुण राय, प्रेम नारायण गुप्ता, सुनील दुबे, विवेक राठौर, राजेश भूरा यादव, रघुवीर सिंह , संजय हवेली,अजय पटेल, संजीव अग्रवाल, संतोष शर्मा, सत्यनारायण शर्मा आदि ने शामिल थे।

## उत्कृष्ट शिक्षकों और विद्यार्थियों के दल ने किया गुजरात भ्रमण



**बुधनी।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बुधनी सहित जिले के सभी सांदीपनि विद्यालयों के उत्कृष्ट शिक्षकों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शासन के निर्देश पर गुजरात राज्य का शैक्षणिक भ्रमण किया। लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक संगीता ठाकुर के नेतृत्व में हुए इस भ्रमण के दौरान दल ने सोमनाथ मंदिर, साबरमती आश्रम, आईआईएम अहमदाबाद,साइंस सिटी,अक्षरधाम मंदिर, आनंद अमूल डेयरी, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार सरोवर बांध सहित अन्य प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया बुधनी विद्यालय से उच्च माध्यमिक शिक्षक अनुपमा दुबे एवं कक्षा 10वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी सुंधाशु पटेल और नैनसी कीर को भ्रमण के लिए चयनित किया गयाथा जिले के दल का नेतृत्व अनुपमा दुबे एवं शाहगंज सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य हरीश बारया ने किया भ्रमण से लौटने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों का जिला एवं विकासखंड स्तर पर अधिकारियों तथा शाला परिवार द्वारा स्वागत किया गया शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा किए जाने से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में उत्साह का वातावरण बना रहा।

## ट्राइडेंट ग्रुप ने किया स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर आयोजित




**बुधनी।** ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक और सरहानीय पहल करते हुए संदिपनी शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ा विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत "श्रीजना मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर" के रूप में आयोजित किया गया गुरुवार को आयोजित इस शिविर में विद्यालय की कक्षा 6वीं से 8वीं तक की कुल 66 छात्राओं ने भाग लिया जागरूकता सत्र के दौरान छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं इसमें मासिक धर्म स्वच्छता, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल,स्वच्छता के महत्व तथा इससे संबंधित सामाजिक भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन मधुबन अस्पताल की सीनियर नर्स मनीषा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर टीम के प्रमुख अरविंद जी के नेतृत्व में हर्षिता यादव ने सत्र को सुचारु रूप से संपन्न कराया सत्र के दौरान छात्राओं ने खुलकर प्रश्न पूछे और विषय को गंभीरता से समझा, जिससे उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया हुआ। कार्यक्रम में शामिल छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

---

#### भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी भोपाल ने की ठंड में राहत के लिए पहल

# 157 विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर की शासकीय नवीन बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, भैरुंदा में शुक्रवार को पुरस्कार वितरण एवं स्वेटर वितरण का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी, भोपाल के सौजन्य से 157 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे कड़ाके की ठंड में बच्चों को राहत मिली। स्वेटर वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि गुप्ता ने की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या चित्रलेखा द्वारा अपनी ओर से मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह बढ़ा और अध्ययन के प्रति प्रेरणा मिली। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सु. साक्षी जैन, ललित कीर तथा श्री मुकाती सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या चित्रलेखा मैडम सहित परिवार एवं विद्यार्थियों के सहयोग से सुव्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

अंत में शाला परिवार ने बच्चों के हित में किए गए इस सहयोग के लिए डॉ. रश्मि गुप्ता एवं भगवती देवी चेरिटेबल सोसाइटी भोपाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

**मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल नाका सीहोर (म.प्र.) दूरभाषः 07562-224247, 224220 फैक्सः 07562-221126

**कब्जा नोटिस (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति-हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है ।

अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपठित उक्त (8) एवं (9) के साथ पड़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा दिनांक 15.12.2025 को प्राप्त कर अधिग्रहण कर लिया गया है। ऋणग्रहिता को विशेष रूप से और सामान्य रूप से जनता को सावधान किया जाता है कि एतद् द्वारा निम्न वर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के साथ कोई भी व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिये मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा सीहोर मंडी के अध्याधीन होगा।

संपत्ति विवरणः-

| ऋणी खाते का नाम / संपत्ति का मालिक एवं जमानतदार | आधिपत्य में ली गयी संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र तिथि 08.10.2025 |
| --- | --- | --- |
| **संपत्ति मालिक** **1. श्री राजेश गौर पिता श्री देवीलाल गौर जमानतदार)** निवासी-इन्द्राकॉलोनी श्यामपुर रोड सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.) **2. श्रीमती सविता (सुविता) पत्नि श्री मुकेश पाटीदार** निवासी- इन्द्राकॉलोनी श्यामपुर रोड सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.) **(जमानतदार)** **उधारकर्ता :-** **श्री दीपक गौर पिता श्री बाला प्रसाद (उधारकर्ता)** निवासीः- श्यामपुर रोड़, गल्ला मण्डी, सीहोर तहसील व जिला सीहोर (म.प्र.) | निम्नलिखित सम्पत्तियों पर प्रतिभूति के रूप में बैंक का प्रभार सृजित किया है। **संपत्ति क्रमांक- 1.** श्री राजेश गौर पिता श्री देवीलाल का एक किता प्लाट डायवर्टेड खसरा क्रमांक 658/13 रकबा 2.132 हैक्टयर में से डायवर्टेड रकबा 0.607 हैक्टयर का भाग नया नम्बर 658/17 का भाग स्थित कस्बा सीहोर वार्ड क्रमांक 22 नगर पालिका परिषद क्षेत्र सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. जिसकी पैमाईश इस प्रकार से है कि पूर्व से पश्चिम तक -50 फिट (पचास फिट), उत्तर से दक्षिण तक - 30 फिट (तीस फिट) **विक्रीत प्लाट की सीमाएं इस प्रकार से है-** पूर्व की ओर -रास्ता निस्तारी 25 फिट चौड़ा, पश्चिम की ओर - विक्रेता की भूमि, उत्तर की ओर - सुनील गौर को विक्रीत भूखण्ड, दक्षिण की ओर - मुकेश पाटीदार का भूखण्ड । **संपत्ति क्रमांक- 2** श्रीमती सविता (सुविता) पति श्री मुकेश पाटीदार का एक किता प्लाट डायवर्टेड खसरा क्रमांक 658/13, रकबा 2.132 हैक्टयर में से डायवर्टड रकबा 0.607 हैक्टयर का भाग नया नम्बर 658/17 का भाग स्थित कस्बा सीहोर वार्ड क्रमांक 22 नगर पालिका परिषद क्षेत्र सीहोर तहसील व जिला सीहोर म.प्र. जिसकी पैमाईस इस प्रकार से है किः- उत्तर से दक्षिण तक-30 फिट (तीस फिट), पूर्व से पश्चिम तक- 50 फिट (पचास फिट) **विक्रीत प्लाट की चतुसीमाएं इस प्रकार से है-** उत्तर की ओर-अन्य का भूखण्ड, दक्षिण की ओर-विक्रेता की भूमि, पश्चिम की ओर विक्रेता की भूमि, पूर्व की ओर- रास्ता निस्तारी 25 फिट चौड़ा | खाता संख्या **03543011000113** **03546571000076** देय बकाया राशि **15,28,685.45 + एवं 22.09.2025** से ब्याज + अन्य व्यय |

**संवैधानिक चेतावनी-** ऋण ग्रहिता इसे 30 दिन का बिक्री पूर्व नोटिस समझे । यदि 30 दिन के अंदर खाता बंद नहीं होता है तो संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी।

**स्थानः सीहोर मण्डी**
**दिनांकः 19.12.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**

## आगजनी की घटनाओं में निरुपयोगी साबित होंगे ये यंत्र

# ट्रामा सेंटर में लटके हैं एक्सपायरी डेट के अग्निशमन यंत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में लापरवाहियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी यहां भर्ती प्रसूताओं को बेवजह सीरियय बताकर रेफर कर दिया जाता है तो कभी नसबंदी के लिए आई महिलाओं को तमाम तरह की परेशानियों से जूझने के मामले हालिया सामने आए हैं। ताजा मामले में ट्रामा सेंटर प्रबंधन से जुड़ी एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। दरअसल, आगजनी जैसी संभावित घटनाओं पर काबू पाने ट्रामा सेंटर में लगे हुए अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट करीब सवा माह पहले समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने अभी तक इन अग्निशमन यंत्रों की रिफिलिंग करवाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया है।

### सवा महीने पहले निकल चुकी है डेट

ट्रामा सेंटर में लगे हुए कईं अग्निशमन यंत्रों को पिछली बार 14 नवंबर 2024 को रिफिल करवाया गया था जिन्हें एक साल की अवधि उपरान्त 13 नवंबर 2025 को पुनः रिफिल करवाया जाना चाहिए था, जो कि अब तक नहीं करवाए गए हैं। ऐसे इन अग्निशमन यंत्रों के अंदर भरी हुई कार्बन डायऑक्साइड गैस अपनी मियाद पूरी कर चुकी है जो आग बुझाने में मददगार साबित नहीं हो सकती। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक अग्निशमन यंत्र को उसकी तय अवधि में पुनः रिफिल करवाना अत्यावश्यक होता है भलेंही वे इस्तेमाल किए गए हों या न किए गए हों।




### इनका कहना है...

आपने बताया है तो मै आज ही चेक करवा लेता हूं। अगर फायर एक्सिंग्यूसरों की रिफिलिंग अवधि निकल चुकी है तो कंपनी वालों को बुलवाकर उन्हें जल्द ही रिफिल करवा लिया जाएगा।

डॉ. देवाशीश मसकोले, प्रबंधक, जिला अस्पताल, राजगढ़

## नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष जाट का किया स्वागत



**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर राजकुमार जाट आगर को नियुक्त किया गया है जाट को ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस बनाएं जाने पर बुधवार को रात्रि 8 बजे निवास पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला एव पगड़ी पहननाकर स्वागत किया कार्यकर्ताओं में ढोल बजाकर जश्न भी मनाया वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन जाट,राधेश्याम सोनी, भगवान सिंह गोस्वामी ,हनुमंत सिंह गुर्जर, सुरेश सुमन, विष्णु गुप्ता , चंदन गोस्वामी ,अनिल पुष्पद लखनवास ,हेमराज भिलाला, बृजमोहन वर्मा ,सोनू जाट ,राहुल जाट,गोविंद गुजर, विजय सिंह लववंशी सरपंच ,साहित बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के गांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत सम्मान किया।

## कार्य गुणवत्ता से कराने के निर्देश

# पंवार ने सुठालिया में विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शासकीय महाविद्यालय सुठालिया पहुंचकर परिसर में जारी विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल सहित अन्य चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री पंवार ने अधिकारियों से कहा कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थी और स्थानीय नागरिक बेहतर शैक्षणिक वातावरण का लाभ ले सकें। उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित इंजीनियरों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने महाविद्यालय परिसर के विस्तार, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और सुविधाओं के मजबूत विकास के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के समय मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चैहान, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीओ स्वाति डोंगरे, नगर परिषद सीएमओ रईस खान सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम को लेकर मंत्री पंवार ने की समीक्षा बैठक**

# केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आज ब्यावरा में

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं सशक्तीकरण पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ब्यावरा



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के ब्यावरा (राजगढ़) आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज हो गई हैं। मंत्री नारायण सिंह पंवार ने प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल, ब्यावरा में 20 दिसंबर, शनिवार को प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, सहभागिता तथा वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री पंवार ने कहा कि यह आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य, सक्रिय जीवनशैली और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

#### शपथ ग्रहण समारोह

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया जाएगा। यह शपथ सामाजिक उत्तरदायित्व और पीढ़ियों के बीच संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने का संदेश देगी।

#### वॉकाथॉन

स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रतीकात्मक वॉकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्थानीय कलाकारों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी, जिनके माध्यम से समाज में वरिष्ठजनों के योगदान, अनुभव और प्रतिभा का सम्मानपूर्वक उत्सव मनाया जाएगा।

#### प्रतीकात्मक राष्ट्रीय वयोश्री योजना कैंप

राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत योग्य लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें प्रतीकात्मक रूप से सहायक उपकरण एवं सहायता प्रदान की जाएगी। यह सेगमेंट योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की मंशा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सशक्त जीवन प्रदान करने की है, और यह आयोजन उसी संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

## नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत



**जीरापुर।** नवनिर्वाचित कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष माचलपुर एवं जीरापुर का स्थानीय विश्राम गृह में साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया।जहां पर नवनिर्वाचित ब्लांक अध्यक्ष जीरापुर सत्यनारायण सरावत एवं माचलपुर ब्लांक अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा का स्वागत किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ने हमें दी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे , पार्टी की गतिविधियों एवं जन हितैषी काम के लिए हमेशा आगे होकर अपनी सहभागिता निभायेंगे। जिला अध्यक्ष पुर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने हमें जो दायित्व दिया उस पर कार्य करेंगे। स्वागत में जिला पंचायत सदस्य यशवंतसिंह गुर्जर लिम्बोदा , राजेश शर्मा पटवारी , फुलसिंह गुर्जर पूर्व मण्ड़ी अध्यक्ष माचलपुर, शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली बिल जमा नहीं करने पर विद्युत विभाग की कार्रवाई, गांव की लाइट काटी

**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम सैदाबग, चैड़लिया,फूलपुरा, कांकरिया मीणा आदि ग्रामों में विद्युत विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। विभागीय अमले ने बकाया विद्युत बिलों के चलते ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्रामों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं किए जा रहे थे। इसके चलते विभाग को 100 प्रतिशत बकाया राशि वसूली नहीं हो पा रही थी। विद्युत विभाग द्वारा पूर्व में उपभोक्ताओं को नोटिस व समझाइश भी दी गई थी, साथ ही एक माह के भीतर बकाया राशि जमा कराने की सूचना भी ग्राम में मुनादी कराकर दी गई थी। इसके बावजूद ग्रामीणों द्वारा समय-सीमा तक बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए ट्रांसफार्मर से लाइन काटने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि शासन की समाधान योजना के अंतर्गत बिल में छूट का लाभ लेने



की जानकारी भी दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी भुगतान नहीं किया गया। विद्युत विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं होगी, तब तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जाएगी। कार्रवाई के बाद गांव में अंधेरा छा गया, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। कार्यवाही के दौरान एई विद्या सागर सिंह,जेई उमेश मिश्रा,शैलेंद्र त्रिपाठी सहित व्यक्ति विद्युत अमला मौजूद रहा ।

# किसानों को यूरिया खाद का व्यवस्थित वितरण किया



**जीरापुर।** किसान खाद की समस्याओं से जूझ रहे थे आयें दिन यूरिया खाद का अभाव महसूस कर रहे ,किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था प्रशासन द्वारा कर खाद वितरण करवाया जा रहा है। खाद वितरण व्यवस्था में सुधार कर पहले किसानों को टोकन जारी कर फिर खाद दिया जा रहा है। ताकि किसान परेशान नहीं हो। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं उपायुक्त राजगढ़ पीएस बारोठिया ने किसानों की सुविधा हेतु विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग सोसायटी एवं खाद गोदाम से व्यवस्थित खाद वितरण व्यवस्था करवाई। जिससे के तहत किसानों को पहले टोकन वितरित किए, तत्पश्चात व्यवस्थित लाइन लगाकर किसानों को एक टोकन पर चार बेग यूरिया खाद दी गई। मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक बीरमसिंह चैहान ने बताया कि यूरिया खाद जिसकी आवश्यकता किसानों को है वह वितरण जारी। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिलचीपुर-जीरापुर अंकिता जैन तथा तहसीलदार आरपी सिंह गोंड द्वारा खाद वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखते हुए वितरण के दौरान आकस्मिक निरीक्षण एवं अवलोकन किया जा रहा है।

# संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम की बड़ी जीत



**कुरावर।** नरसिंहगढ़ में 15 दिसंबर को आयोजित सांसद कप कबड्डी टूर्नामेंट में कुरावर संकुल की होली एंजेल्स स्कूल की जूनियर गर्ल्स टीम ने शानदार और दमदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में टीम की खिलाड़ियों मानसी हाड़ा, खुशनुमा खान, तनु राय, निहारिका डांगी, आरती कर्नोदिया, कनक साहू और पलक पवार ने जबरदस्त खेल भावना, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का परिचय दिया। उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम रहा कि टीम ने यह बड़ी जीत अपने नाम की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। अब होली एंजेल्स स्कूल की यह विजेता टीम राजगढ़ जिले में होने वाले अगले मुकाबले के लिए पूरे जोश, आत्मविश्वास और जीत के इरादे के साथ तैयारी कर रही है।

# इंदरसिंह लववंशी बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**ब्यावरा ।** एक साधारण कार्यकरता को असाधारण बनाने का काम सिर्फ भाजपा पार्टी ही कर सकती है इष्ट मित्रो में हर्ष व्याप्त है और रात्रि से ही बधाई देने वालो का ताता लग गया है । इन्दरसिंह लववंशी एक गांव से आते हैं ये समाज के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री किसान मोर्चा और वर्तमान में विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य के पद पर जानता की सेवा कर रहे हैं ।पार्टी ने जो मुझे भाजपा जिला उपाध्यक्ष का पद प्रदान किया है यह मेरा परम सौभाग्य है।जिला उपाध्यक्ष का पद एक बड़ा दायित्व है।मैं भाजपा केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेल वाल जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर राजगढ़ जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्र के विधायक एमपी सरकार के मंत्री नारायणसिंह पंवार गौतम टेंटवाल जी विधायक मोहन शर्मा हजारीलाल दांगी अमरसिंह यादव जी कार्यकारिणी तथा संगठन को हृदय से बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं ।में पार्टी की रीति नीति और सिन्धांतों का पूर्ण निष्ठा से पालन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करूंगा।अपने से वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद मिलता रहे ।

## नगर अध्यक्ष बने साहू

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी ने जिले के ब्लॉक अध्यक्षों की लिस्ट जारी की है। जिसमें नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर रवि साहू की नियुक्ति हुई।

## कालीपीठ में लोगों को किया जागरुक, बनाई मानव श्रृंखला

# कुप्रथाओं को मिटाने अनवरत जारी है जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

जिले में बाल-सगाई, बाल-विवाह, नातरा-झगड़ा जैसी कुप्रथाओं को समूल समाप्त करने 100 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसके लिए ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है जहां बाल-विवाह की संख्या ज्यादा दर्ज की गई है। इसी कड़ी में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालीपीठ में आयोजित कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रश्मि चैहान ने बाल-विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि बाल-विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को प्रभावी ढंग से लागू हो



सके जिसके अनुसार लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष है। बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 181 या कन्ट्रोल रूम के नंबर 07372-254360 पर दी जा सकती है।

कार्यक्रम में बाल-विवाह नातरा झगड़ा विषय पर बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। कुप्रथाओं को लेकर बालक-बालिकाओं से भी संवाद करते हुए कहा गया कि आप समाज की धुरी है। आप से ही आज और कल है। आप स्वस्थ होंगी तभी समाज भी स्वस्थ होगा।

### अलग-अलग वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने विचार

कार्यक्रम में सेक्टर सुपरवाइजर प्रेमलता गुप्ता ने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होने की आशंका हो तो उसकी सूचना किस प्रकार और किन माध्यमों से दी जा सकती है। स्कूल प्राचार्य हेमलता कुशवाह द्वारा बताया की हमें जिले से आए अधिकारियो से सीख लेना चाहिए और सामाजिक कुप्रथा से लड़ना चाहिए। अंत में स्कुल प्राचार्य द्वारा बाल-विवाह मुक्त कालीपीठ के लिए उपस्थितों को शपथ दिलवाई गई।

# राज्यमंत्री टेटवाल ने मप्र खो-खो टीम को अयोध्या के लिए किया रवाना



**सारंगपुर।** शालेय राष्ट्रीय स्तरीय खो-खो 17 वर्ष आयु वर्ग बालकद-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 20 दिसंबर से 24 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से 24 खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए चयनित खिलाड़ियों ने 13 से 18 दिसंबर तक सारंगपुर में आयोजित नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेकर गहन अभ्यास किया। कैंप पूर्ण होने के पश्चात चयनित खिलाड़यों एवं कोच का मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना।

# जरूरतमंद को कंबल किए वितरित निरंतर किया जा रहा सेवा कार्य

## गो शरण मंडल 10 वर्षों से कर रहा जन कल्याण के कार्य



**ब्यावरा।** नर सेवा ही नारायण सेवा को सार्थक कर रहे, वर्तमान में कम्बल वितरण अभियान चला रखा है जो कि समाज के जरुरतमंदो तक गर्म वस्त्र वितरित कर रहे। नगर की सामाजिक धार्मिक पंजीकृत संस्था गो शरण भक्त मंडल कथाप्रवक्ता पंडित सतीश नागर के सानिध्य में पिछले 10 वर्षों से सेवा कार्य किया जा रहा है। समय समय पर समाज के बीच जाकर नशामुक्ति अभियान, पौधरोपण अभियान, गो सेवा, राष्ट्रसेवा जैसे कार्यो में समर्पित है। गर्म वस्त्र वितरण अभियान के अवसर पर संत रोहित नागर, प्रदीप शर्मा, रामगोपाल मीना, आचार्य द्वारकाप्रसाद, भाजपा उपाध्यक्ष इंदरसिंह लववंशी राजेन्द्र पराशर, ब्रजेश त्रवेदी, मोहन गुर्जर, सुरेश यादव, पीडी, रामेश्वर दांगी, ब्रजमोहन शर्मा, मुकेश कुशवाहा, कमल गोड़, मनीष मीना, संजय मीना, मुकेश बेंजो आदि उपस्थित रहे।

### हजारों पौधे बन चुके पेड़

गो शरण भक्त मंडल द्वारा पिछले कई सालों से सामाजिक धार्मिक और सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाए जा रहे हैं जो अब पेड़ की शक्ल ले चुके हैं। इतना ही नहीं गो शरण भक्त मंडल द्वारा गोवंश का संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

## सुबह 9 बजे धूप निकलने तक छाया रहता है घना कोहरा

# रोजाना लुढ़क रहा जिले का न्यूनतम तापमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजगढ़

दिसबंर का मध्यान्तर शुरू होते ही जिले के न्यूनतम तापमान में रोजाना गिरावट नजर आ रही है। बीते दस दिनों की बात करें तो 5 डिग्री के आसपास घूम रहा न्यूनतम तापमान अब लुढ़कते हुए 4.6 डिग्री तक आ चुका है। मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में और अधिक भीषण ठंड का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। हालांकि, इस बार की ठंड तरह-तरह से करवट ले रही है। सुबह 9 बजे धूप निकलने तक जहां घना कोहरा छाया रहता है वहीं पूरे दिन निकल रही धूप के चलते लोग राहत की सांस ले पा रहे हैं। हालांकि, शाम होने के बाद से ही न्यूनतम तापमान में पुनः गिरावट शुरू दर्ज की जा रही है।

### अलाव जलवाने में गो सेवक आगे पर नपा भूली

रात्रि के समय गोवंश को भीषण ठंड का सामना न करना पड़े इसके लिए गोसेवकों द्वारा नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावा जलवाने की व्यवस्था प्रतिदिन करवाई जा रही है। हालांकि, नगर पालिका द्वारा ठंड में नगर के सार्वजनिक स्थलों पर जलवाए जाने वाले अलाव इस बार अभी तक शुरू नहीं करवाए गए हैं।



### बीते 7 दिन में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 18 दिसंबर | 4.6 |
| 17 दिसंबर | 4.4 |
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |

## खबर संक्षेप

### विधायक ने गांव देहरी में लगवाया नया ट्रांसफार्मर



**जावर।** सोनकच्छ विधानसभा के विधायक विकास पुरुष डॉक्टर राजेश सोनकर के अथक प्रयास एवं पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष एवं विकास सलाहकार समिति देवास के सदस्य बहादुर सिंह पिलवानी एवं सोनकच्छ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह पिलवानी और मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तालोद सभी के अथक प्रयास से ग्राम देहरी में न्यू ट्रांसफार्मर लगवाने पर सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद समस्त ग्रामवासी देहरी ने किया दीपक ठाकुर गांव देहरी ने बताया कि की गांव देहरी में विगत कई दिनों से ट्रांसफार्मर न होने से ग्रामीण बहुत परेशान थे जब यह बात विधायक राजेश सोनकर को पता चली तो फोरन विधायक ने टांसफार्मर लगवाया।

### सात दिवसीय कथा 23 दिसंबर से

**सीहोर।** शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर में आगामी 23 दिसंबर से भव्य शिव हापुराण का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचक आचार्य पंडित राहुल कृष्ण के द्वारा सात दिवसीय कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कथा का शुभारंभ सुबह दस बजे कलश यात्रा के साथ किया जाएगा।

### आष्टा क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# ग्राम भोंरा, बड़ोदिया गाडरी और खाचरोद में एक साथ छापेमारी से मचा हड़कंप

### टीम ने कार्रवाई करते हुए दो फर्जी क्लीनिकों को मौके पर ही किया सील।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के आष्टा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे फर्जी क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण दल ने ग्राम भोंरा, बड़ोदिया गाडरी और खाचरोद में एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में हडक्रंप मच गया। टीम ने दो फर्जी क्लीनिकों को मौके पर ही सील कर दिया, जबकि अन्य को नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई है।

निरीक्षण के दौरान ग्राम भोंरा में फर्जी बंगाली चिकित्सक अभिजीत टिकाकर का क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाया गया, जिसे टीम ने तुरंत बंद करा दिया। वहीं ग्राम खाचरोद में डॉक्टर एसआई अली स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखते ही क्लीनिक खुला छोडक़र मौके से फरार हो गए। टीम ने उनके क्लीनिक को भी बंद कर दिया है और संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

#### अनावश्यक दवा भंडारण पर प्रतिबंध

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने सभी चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता और निर्धारित पैथी के अलावा किसी अन्य पद्धति से मरीजों का उपचार न करें। टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कई जगहों पर एलोपैथिक दवाइयों का अनावश्यक भंडारण किया गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।




#### नियमित जारी रहेगी कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को बख्शा नहीं जाएगा। यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी ताकि अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। निरीक्षण दल की इस सक्रियता से क्षेत्र के अन्य झोलाछाप डॉक्टर भी अपनी दुकानें बंद कर गायब हो गए।

# संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक अध्यक्ष बने ठाकुर का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन अभियान के तहत धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मेमदाखेड़ी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सांगठनिक गतिविधियों को शीर्ष नेतृत्व की मंशानुरूप और अधिक गतिशील करने हेतु उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा पूर्व सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश परमार से भेंट कर संगठन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार मित्र मंडल ने उनका स्वागत किया तथा नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को महाकाल भगवान का चित्र भेंट किया।

इस अवसर पर श्री परमार ने कहा कि राजनीति गरल पी जाने और भगवान शंकर की तरह ही विशाल हृदय से काम करने का क्षेत्र है। हमें प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता का सहयोग लेना है हमें कोई बुरा भी कहे तो उसे नजरअंदाज कर आगे बढ़ना है। श्री परमार ने कहा कि भाजपा के वर्तमान शासन काल में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है सत्ता में बैठे हुए लोग इन मुद्दों को हल करने का प्रयास ही नहीं करते। सिर्फ सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ही उनका राजनीतिक पैंतरा है।

हम कांग्रेसजन को आम आदमी की लड़ाई लड़ते हुए। शिक्षा रोजगार तथा लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई लड़नी है और सरकार द्वारा आमजन के मौलिक अधिकारों के हनन के खिलाफ लगातार संघर्ष करना है। नव नियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि सभी कांग्रेस जन का साथ लेकर हम निरन्तर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अभिभाषक सुरेन्द्र सिंह परमार, पूर्व पार्षद गण सुभाष नामदेव, नरेंद्र कुशवाह, युवा नेता अभिभाषक पल्लव जैन प्रगति उपस्थित थे।

### लिट्टी-चोखा के माध्यम से सामाजिक चेतना के संदेश के साथ हुआ कार्यक्रम



**सीहोर।** भोजपुरी समाज की सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और संगठनात्मक मजबूती को समर्पित एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी आयोजन आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भोजपुरी समाज अध्यक्ष शिवजी सिंह, संगठन सचिव उमा शंकर पाण्डेय, रामजी सिंह, सियाराम सिंह तथा कोसा अध्यक्ष वीके वर्मा के नेतृत्व में समाज को एक सूत्र में पिरोने हेतु समाज के सुप्रसिद्ध पारंपरिक व्यंजन 'लिट्टी–चोखा' का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन केवल एक भोज नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ने, सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और भावी पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों का संदेश देने का एक सशक्त मंच बना। कार्यक्रम की शोभा उस समय और बढ़ गई जब विधायक सुदेश राय व नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर राजकुमार सिंह राजपूत, अमित सिंह, संजय पाठक, राकेश झा सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित ओलंपियाड में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सांदीपनि (सी.एम. राइज़) शासकीय उमावि आष्टा के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों सत्यम पुष्प ने गणित और अर्पिता ने विज्ञान ओलंपियाड राज्य स्तरीय परीक्षा में सम्पूर्ण आष्टा विकासखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया और संभाग स्तरीय ओलंपियाड के लिए पात्रता हासिल की। शिक्षा विभाग द्वारा 7 दिसंबर को विज्ञान और गणित ओलंपियाड का आयोजन किया था। विकासखण्ड से 920 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड हेतु ऑनलाईन पंजीयन करवाया था। सांदीपनि सी.एम. राइज़



विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ ही विश्लेषणात्मक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के उद्देश्य से गणित एवं विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन शासन द्वारा करवाया गया जिससे विद्यार्थी चिकित्सा, तकनीकी एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रसर हो सकें और प्रयोगात्मक सोच का विकास कर सकें। इस दृष्टि से भारत सरकार के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु गणित एवं विज्ञान ओलंपियाड का आयोजन किया गया। सभी संभागो की मेरिट तैयार कर राज्य स्तरीय ओलंपियाड के विजेताओं की घोषणा की जाएंगी। प्रत्येक विषय में पांच विद्यार्थी चयनित होंगे। इस प्रकार गणित और विज्ञान में दस विद्यार्थियों का चयन होगा। प्रथम पुरस्कार 51000, द्वितीय पुरस्कार 31,000, तृतीय पुरस्कार 21,000 और ग्यारह-ग्यारह हजार के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## त्रि-स्तरीय पंचायत उपचुनाव में ग्राम पंचायत लसुड़लिया विजय सिंह में सरपंच पद पर रचा कीर्तिमान, पहली बार निर्विरोध निर्वाचित हुए अकीला राजेश सोलंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



तहसील के ग्राम पंचायत लसुड़लिया विजय सिंह (नानकपुर) में हुए त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव में रचा कीर्तिमान सरपंच पद पर पहली बार निर्विरोध निर्वाचित हुए अकीला राजेश सोलंकी ग्राम पंचायत के देवतुल्य आमनागरिकों ने नव नियुक्त सरपंच को बड़े हर्षोल्लास के साथ बधाईयां प्रेषित की व सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी ने ग्राम पंचायत लसुड़लिया विजय सिंह नानकपुर में रुके हुए कार्य को शीघ्र करने का आश्वास दिया और समस्त पंच ग्रामीण जनों के साथ मिलजुल काम कर ग्राम पंचायत के कार्यों को पूरा कर ग्राम पंचायत को विकास की ओर ले जाना है और हमारी ग्राम पंचायत का नाम रोशन करना ही हमारा मुख्य लक्ष्य रहेगा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ग्राम पंचायत में पूरी निष्ठा विश्वास ईमानदारी के साथ काम कर अपनी ग्राम पंचायत का नाम रोशन करूंगा।

मुख्यमंत्री मोहन यादव, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा दिए जा रहे विकास कार्यो को ग्राम पंचायत मैं विकास की राह पर लाकर निर्माण कराकर ग्राम पंचायत को विकसित करूंगा। ग्राम पंचायत के रुके हुए कार्य जैसे गांव में रोड नाली, गांव से खेतो तक रोड,स्कूल भवन,स्कूल ग्राउंड में पैवर, मांगलिक भवन, प्रधानमंत्री रोड, गौशाला,प्रधानमंत्री आवास, कुएं, खेत तालाब, स्टेट लाइट, चौराहे पर सौर ऊर्जा लाईट, नर्मदा नल जल योजना, युवाओ को लोन रोजगार आदि योजनाओं को लाकर ग्राम के विकास कार्यो को पूरा करने का सफलतम प्रयास करूंगा ग्राम पंचायत के आमनागरिकों की और से हार्दिक-हार्दिक बधाईयां दी।

पंचायत पदाधिकारीगण उपसरपंच जितेंद्र धनगर, पंच भारत सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, यशवंत ठाकुर, रविंद्र ठाकुर (नेताजी), रविंद्र ठाकुर, दिनेश विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जीवन सिंह सोलंकी प्रहलाद सिंह, मिश्रीलाल ठेकेदार, शंकर लाल, मोती सिंह, हुकुम कुशवाह, सौदान कुशवाहा, राधेश्याम, लक्ष्मी नारायण (लक्की) व समस्त ग्राम पंचायत लसुड़लिया विजय सिंह के आमजनों ने बधाइयां शुभकामनाएं प्रेषित की। ग्राम पंचायत में सामंजस्य स्थापित किया। नवनियुक्त सरपंच अकीला राजेश सोलंकी ने जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया।

# धर्म संस्कृति परीक्षा का परिणाम घोषित, इशिका प्रथम दस स्कूलों के 1453 विद्यार्थियों ने लिया था भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस्कॉन आष्टा द्वारा वर्ष 2025 में धर्म-संस्कृति परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धर्मज्ञान एवं नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि जागृत करने का रहा। इस प्रतियोगी परीक्षा में नगर के कुल 10 विद्यालयों के 1453 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा पूर्णतः वस्तुनिष्ठ (Objective Type) प्रश्नों पर आधारित थी, जो विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए सरल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रही।परीक्षा परिणामों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान इशिका साहू टेलेंट इनोवेटिव स्कूल ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर दो विद्यार्थियों के बीच टाई रहा जिसमें प्रियंका भाटी सुशीला विद्या मंदिर बगैर ओर लक्ष्मी मकवाना सरस्वती स्कूल से रही। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धर्म और जीवन-मूल्यों की



गहन समझ प्राप्त हुई। आयोजकों ने बताया कि यह केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस्कॉन आष्टा द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक एवं संस्कारात्मक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और नैतिक विकास में सहयोग मिल सके। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आष्टा इस्कॉन द्वारा सभी स्कूल संचालकों के साथ विद्यार्थियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

### विजय दिवस पर मां पार्वती नदी तट पर हुई भारत माता की आरती

# देशभक्ति गीतों के साथ पूर्व और नवनियुक्त सैनिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विजय दिवस के उपलक्ष्य में नगरपालिका परिषद आष्टा एवं मध्यप्रदेश एक्स सर्विसमेन वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के नवनिर्मित तट पर श्रद्धांजली सभा एवं अमर शहीदों के परिजनों तथा अग्निवीर में चयनित सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा सहित अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति सुमित चौरसिया द्वारा दी गई। कार्यक्रम में 301 दीपों से भारत माता व जीवन दायिनी मां पार्वती की आरती की गई तथा सन 1971 में देश के 3800 शहीद सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की। वहीं गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. जीएन नागर, शैलेन्द्र वर्मा द्वारा धार्मिक अनुष्ठान भी किया गया।

#### पूर्व सैनिकों व नवनियुक्तों का सम्मान

विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में 5 शहीद सैनिक परिवारों, 25 पूर्व सैनिक योद्धाओं, नव चयनित होकर प्रशिक्षण के लिए जाने वाले 10 अग्निवीर जवानों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया तथा राष्ट्र की सेवा में अपना अमूल्य योगदान देते हुए शहीद हुए सैनिकों को नमन किया।विजय दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संबोधित करते हुए कहा कि 1971 में हुए युद्ध में भारतीय सेना ने शक्ति, शौर्य, पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को पूरी तरह पराजीत कर भारत देश का नाम विश्व में गौरवान्वित किया था। एक्स सर्विसमेन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम हमें अपने वीर सैनिकों के बलिदान को याद दिलाता है। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारे वीर सपूतों ने अपना पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया था। यह एक ऐसी जीत थी जिसने भारत के सैन्य इतिहास को बदल दिया। वहीं इस जीत ने दक्षिण एशिया का नया नक्शा भी बनाया और एक नए राष्ट्र यानी बांग्लादेश को जन्म दिया। विजय दिवस के रूप में आज पूरा देश उस दिन को याद कर रहा है। मां पार्वती के संपूर्ण घाट को भव्य तिरंगा रंगोली से सजाने का काम एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल की बालिकाओं द्वारा किया गया। संध्याकालीन बेला में मां पार्वती के पावन तट पर भारत माता की आरती, राष्ट्रगान, एवं गगन भेदी जय घोष तथा स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष संतोष शर्मा द्वारा किया गया।



#### पार्वती घाट रहा आकर्षण का केन्द्र

विजय दिवस कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ोंजनों ने नपा द्वारा नवनिर्मित घाट निर्माण कार्य की जमकर प्रशंसा की। नागरिकों ने कहा कि नगरपालिका द्वारा नगर में सराहनीय कार्य किए जा रहे है, उसी का उदाहरण यह नवनिर्मित घाट है, निश्चित ही इसके बनने से मां पार्वती नदी व शंकर मंदिर का उद्धुत दृश्य और भी विहंगम सौंदर्यपूर्ण नजर आया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, कैप्टन जेएन प्रसाद भोपाल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, भागवत प्रवक्ता पं. हरि माधव शास्त्री, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद रवि शर्मा, धर्मेन्द्र गौतम, जाट महासभा अध्यक्ष नारायण जाट, राजू जाट, इन्हरव्हील क्लब अध्यक्ष संगीता सोनी, मारवाड़ी महिला संघ संयोजक विजयलक्ष्मी उपाध्याय, प्रेमनारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, जगन्नाथ प्रसाद, दिनेश गुप्ता, जगदीश चौधरी, नारायण मंडलोई, लखनसिंह राजपूत, पंकज जायसवाल, राजेन्द्र सिसोदिया, संतोष धाकड़, देवीसिंह मुकाती, सुंदरलाल वर्मा, मुकेश वर्मा, संतोष वर्मा, अजय मेवाड़ा, सादीलाल पटेल, कृष्णा मेवाड़ा, मोरसिंह मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा, जगदीशप्रसाद मेवाड़ा, मोंटी वर्मा, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, गणमान्य नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# हिरणों का झुंड फसलों को कर रहा बर्बाद किसान हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

खाचरोद सहित आसपास के क्षेत्र में हिरणों के झुण्ड के झुण्ड आकर गेहूं चने की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसके कारण क्षेत्र के किसान बहुत ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। हिरणों के झुण्ड गेहूं, चने की छोटी फसल को बहुत नुकसान पहुंचा रहे है। वही किसान विनोद जाट निवास जाट महेंद्र चौधरी ने बताया की हिरण व जंगली सूअर खेतों में आकर फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहे हैं। खाते कम है मचाते ज्यादा है वही उन्होंने बताया कि रात रात भर जागकर हमें खेतों की रखवाली करना पड़ रहा है। जिससे किसान बहुत परेशान हैं समझ में नहीं आता की इस समस्या से कैसे निपटा जाए।